C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:27 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:26 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 166 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 23 दिसंबर 2025

अक्षय खन्ना के फैन हुए...पेज-3 पर

## मुखानी चोरी कांडः शातिरों की तलाश में एसआईटी गठित

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

मुखानी क्षेत्र में हुई बड़ी चोरी के बाद फरार शातिर अपराधियों की तलाश तेज हो गई है। मामले के खुलासे और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. मंजूनाथ टीसी ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। एसओजी सहित पुलिस की कई टीमें इस समय उत्तर प्रदेश के बिजनौर, पीलीभीत और मुरादाबाद में लगातार छापेमारी कर रही हैं, जबकि उत्तराखंडदृउत्तर प्रदेश सीमा के साथ नेपाल सीमा पर भी कड़ी निगरानी रखी गई है। प्रारंभिक जांच के आधार पर तीन विशेष टीमों को उत्तर प्रदेश भेजा गया है, जो अब तक एक दर्जन से अधिक ठिकानों पर दबिश दे चुकी हैं। इसके साथ ही टोल प्लाजा, रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपियों की आवाजाही का पूरा रूट ट्रैक किया जा सके। एसएसपी के अनुसार, चोरी की वारदात में शामिल शातिर अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसपी क्राइम डॉ. जगदीश चंद्र के मार्गदर्शन में एसआईटी गठित की गई है। इस एसआईटी का नेतृत्व एसपी सिटी मनोज कत्याल कर रहे हैं, जबकि टीम में आठ अनुभवी क्राइम एक्सपर्ट इंस्पेक्टरों को शामिल किया गया है। पुलिस जांच में बड़ा खुलासा करते हुए एसएसपी ने बताया कि इस चोरी कांड में शामिल तीन मुख्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है। इसके अलावा राधिका ज्वैलर्स के मालिक नवनीत से हुई बातचीत के बाद दुकान मालिक गौरव बिष्ट की भूमिका भी जांच के दायरे में आ गई है। नवनीत के अनुसार, चोरी की रात दुकान में शोर-शराबा होने के बावजूद गौरव बिष्ट ने कोई आपत्ति नहीं जताई।

### चेकिंग तक सिमटी हल्द्वानी पुलिस की कार्रवाई

शहर में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के दावों के बीच पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। शहर में पुलिस की सक्रियता इन दिनों महज चेकिंग अभियान तक सीमित नजर आ रही है, जबकि रात्रि गश्त के नाम पर केवल औपचारिकता निभाए जाने का आरोप लग रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय संवेदनशील इलाकों में पुलिस की नियमित और प्रभावी गश्त दिखाई नहीं देती। कई स्थानों पर पुलिस वाहन केवल मुख्य मार्गों पर खड़े होकर वाहनों की जांच करते नजर आते हैं, लेकिन अंदरूनी इलाकों और कॉलोनियों में गश्त न के बराबर है। इसका फायदा असामाजिक तत्व और अपराधी उठा रहे हैं। बीते दिनों हुई चोरी और आपराधिक घटनाओं के बाद भी रात्रि गश्त व्यवस्था में कोई ठोस बदलाव नहीं दिख रहा है।

### सत्यापन अभियान पर भी उठे सवाल

बाहरी घुसपैठियों की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सत्यापन अभियान पर अब गंभीर सवाल खडे होने लगे हैं। अभियान के तहत किराएदारों, मजदूरों और बाहरी लोगों के सत्यापन को अनिवार्य बताया जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है। ताजा मामला सामने आने के बाद पुलिस के दावों की कलई खुल गई है। जिस दुकानदार ने अपनी दुकान किराए पर दी थी, उसने न तो किराएदारों का पुलिस सत्यापन कराया और न ही संबंधित थाने में इसकी कोई सूचना दी। इसके बावजूद पुलिस की ओर से उस दुकानदार के खिलाफ अब तक किसी ठोस कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आ सकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस सत्यापन अभियान केवल कागजी खानापूर्ति बनकर रह गया है।

## News कॉर्नर

### राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने किया पौधरोपण

**नैनीताल ।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान सोमवार को 525 वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 525 वें दिन हल्द्वानी में आईन प्रोगेसिव स्कूल के संचालक व समाजसेवी भुवन उपाध्याय ने पौधारोपण अभियान से जुड़ते हुए एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया।भुवन उपाध्याय ने कहा कि पौधारोपण अभियान से जुडना प्रकृति की सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि वह भी पौधारोपण करते रहते हैं ।

### नैनीताल में यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस एकटिव मोड में

**नैनीताल ।** नगर की यातायात व्यवस्था को चॉक चौबंद बनाए जाने के विशेष मकसद से पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क पर निर्माण कार्य सामग्री रख कर अनावश्यक अवरोध उत्पन्न करने पर मल्लीताल पुलिस ने 4 ठेकेदारों/ भवन स्वामियों के पुलिस एकट के अंतर्गत 40 हजार रुपएं के चालान किए। इसके साथ ही सड़क किनारे अनावश्यक खड़े 13 वाहनों का भी चालान किया साथ ही 3 लोगों के विरुद्ध पुलिस एकट में कार्यवाही की गयी।

जमात ए इस्लामी को चुनाव में मिल सकता है फायदा

## उस्मान हादी की हत्या से बांग्लादेश में आया उबाल

नई दिल्ली
एजेंसी

उस्मान हादी की हत्या के बाद से बांग्लादेश में भारत विरोधी भावनाएं प्रबल हैं और हिंसा का दौर जारी है। हादी की हत्या का आरोप अवामी लीग के नेता पर लग रहा है, लेकिन राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि इस पूरे मामले में असल में एक बड़ी साजिश हो सकती है।

बांग्लादेश में कट्टरपंथी नेता उस्मान हादी की हत्या के बाद से वहां भारत विरोधी भावना उफान पर है। बांग्लादेश के कट्टरपंथी उस्मान हादी को लेकर भारत पर आरोप लगा रहे हैं। साथ ही उनका कहना है कि हादी की हत्या का आरोपी फैसल करीम भी भारत में छिपा हुआ है। हालांकि बांग्लादेश की सरकार ही कह रही है कि फैसल करीम के भारत भागने के कोई सबूत नहीं हैं। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर उस्मान हादी की हत्या बांग्लादेश में इतना बड़ा मुद्दा क्यों बनी हुई है और इससे किसे फायदा है? बांग्लादेश की भू-राजनीति के जानकार और इस वक्त पेरिस में रह रहे नाहिद हेलाल ने सोशल मीडिया पर



साझा एक पोस्ट में दावा किया है कि उस्मान हादी की हत्या से शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग या खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी को नहीं बल्कि जमात ए इस्लामी और बांग्लादेश की कट्टरपंथी जमात को फायदा हो सकता है। नाहिद ने लिखा, उस्मान हादी की हत्या के बाद से जो हो रहा है, यही जमात ए इस्लामी के नेता और कट्टरपंथी वर्ग चाहता था। इससे कट्टरपंथियों को अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने, मीडिया संस्थानों को डराने और अवामी लीग के कार्यकर्ताओं की हत्या और सबसे अहम बात चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने का मौका मिल गया है। बीएनपी की पूर्व सांसद निलोफर चौधरी मोनी ने एक बांग्लादेशी न्यूज चैनल पर पैनल चर्चा के दौरान भी दावा किया कि उस्मान हादी की हत्या से जमात ए इस्लामी को फायदा होगा। उन्होंने कहा, %उस्मान हादी की हत्या के आरोपी फैसल करीम की दो बार जमानत सुप्रीम कोर्ट के वकील और जमात ए इस्लामी के नेता शिशिर मनीर ने कराई थी। दूसरी बार जमानत तो उस्मान हादी की हत्या से कुछ महीने पहले ही कराई गई थी।

## हल्द्वानी- मुखानी थाना क्षेत्र में दो सगे भाई सुनील और मनोज की संदिग्ध हालात मौत, इलाके में सनसनी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

मुखानी थाना क्षेत्र दो सगे भाइयों के शव मिलने से सनसनी फैल गई स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बच्ची नगर के पास एक घर में दो सगे भाइयों सुनील और मनोज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिटी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे, वहीं फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल की गहन जांच शुरू की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों भाई घर के अंदर मृत अवस्था में मिले। आसपास के लोगों ने जब यह दृश्य देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित किया और साक्ष्य जुटाने का काम शुरू किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों भाई अक्सर शराब का सेवन करते थे, हालांकि पुलिस इस पहलू सहित सभी संभावित कारणों की जांच कर रही है। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मामले की जांच अलग-अलग बिंदुओं पर की जा रही है और पुलिस ने कहा है कि किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई और निष्कर्ष सामने आएंगे।



## डैकेन हेल्थकेयर मालिक और सहयोगियों पर व्यवसायी से मारपीट का मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

सिडकुल पंतनगर स्थित डैकेन हेल्थकेयर लिमिटेड के मालिक और उनके सहयोगियों पर व्यवसायी से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक धनन्जय सर्राफ, निवासी इंडो पैक लिमिटेड, न्यू दिल्ली ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2013 में पंतनगर स्थित डैकेन हेल्थकेयर लिमिटेड (प्लाट नं-13, सेक्टर-3, आईआईई सिडकुल) के साथ दवाई की फॉइल प्रींटिंग का व्यवसाय शुरू किया था। इसके तहत उसको कंपनी ने माल दिया था और उसके एवज में उनका भुगतान किया जाता था। वर्ष 2019 के बाद कंपनी ने भुगतान करने में विलंब करना शुरू कर दिया और माल लेने के बावजूद राशि का भुगतान नहीं किया। समय के साथ कुल बकाया 40,05,704 रुपये तक पहुंच गया। कई बार भुगतान के लिए तकादा करने के बावजूद कंपनी ने लगातार टालमटोल किया और भुगतान करने से इंकार कर दिया। पीड़ित ने बताया कि जून 2025 में जब उन्होंने अपनी बकाया राशि लेने के लिए कंपनी में संपर्क किया, तो कंपनी के मालिक मोहक गुप्ता पुत्र मिन्टू पुरुषोत्तम गुप्ता और उनके सहयोगी सिद्धार्थ पांडेय तथा तारा सिंह ने उनके साथ मारपीट और गाली-गलौच की। आरोप है कि धमकी दी गई कि यदि वह फिर से पैसे मांगने आए तो उसकी जान खतरे में होगी। धनन्जय सर्राफ ने कहा कि 22 नवंबर 2025 को जब वहअपनी राशि मांगने कंपनी पहुँचे, तो उन्हें फिर से जान से मारने की धमकी दी गई और आरोपी हमले का प्रयास करने लगे। किसी तरह उसने अपनी जान बचाई और मामले की शिकायत पुलिस से की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित कंपनी और नामित व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खेड़ा के प्रतिनिधि मंडल निगम में पहुंच महापौर से मुलाकात की

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

सोमवार को खेड़ा बस्ती के प्रतिनिधि मंडल ने महापौर विकास शर्मा से उनके कार्यालय में मुलाकात कर खेड़ा मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व भाजपा नेता राम प्रकाश गुप्ता और मंडल अध्यक्ष संतकबीर नगर मुकेश पाल ने किया। प्रतिनिधि मंडल ने महापौर को बताया कि सांई मंदिर के सामने से खेड़ा से रेशमबाड़ी, दूधिया नगर और दूधिया मंदिर तक जाने वाला मार्ग अत्यंत संकरा है। मार्ग में कई स्थानों पर अतिक्रमण होने के कारण आवागमन में लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। दिन में कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में 108 एंबुलेंस या दमकल जैसी सेवाओं का समय पर पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि यह मार्ग क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और समय रहते इसके सुधार से न केवल यातायात सुगमता होगी बल्कि आपातकालीन सेवाओं की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी।महापौर विकास शर्मा ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि खेड़ा मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र की जाएगी। उन्होंने जेई को तुरंत निर्देशित किया कि मार्ग के चौड़ीकरण का प्रस्ताव तैयार किया जाए। प्रतिनिधि मंडल ने महापौर को स्पष्ट किया कि मार्ग के चौड़ीकरण से न केवल रोजमर्रा की यातायात समस्याओं का समाधान होगा, बल्कि आपातकालीन सेवाओं की समय पर उपलब्धता भी सुनिश्चित होगी। महापौर ने कार्यवाही शुरू करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर चंद्रपाल, जितेंद्र मौर्य, विशाल गंगवार, डॉ. शिवचरण, ज्ञान चंद्र पाल, सोमपाल, अभिषेक,किशन पाल,शाहिद, महबूब अंसारी, मन्नू अंसारी, रोहित पाल, हिमांशु, सूरज,किशन,राजेश पाल, रचित गंगवार,जितेंद्र राजपूत समेत अन्य मौजूद थे।




**मांग**

- खेड़ा का मुख्य मार्ग को चौड़ीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

# अभिमत



## आतंकियों को फंडिंग

*फंडिंग करने वाले सिख व्यवसायी से आतंवादियों के बारे गहन पूछताछ करने पर भारत के खिलाफ आतंकी साजिश का खुलासा हो सकता है। पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादियों को विदेश से मदद मिलती है। आतंकवाद को धर्म और पंथ में विभाजित नहीं किया जा सकता है। खालिस्तानी आतंकवादियों को पाकिस्तान में पनाह मिलती रही है। ब्रिटेन और कनाडा को आतंकवादी अपने लिए सबसे सुरक्षित मानते रहे हैं। आतंकवादियों ने ब्रिटेन में भी कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है। 'जिस थाली में खाते हैं, उसी में छेद करते हैं' कहावत आतंकवादियों पर सटीक है।*

अस्सी के दशक में आतंकवादियों को विदेश से धन और हथियार उपलब्ध कराये गये थे। पूरे देश में खूनखराबे पर नियंत्रण के लिए ऑपरेशन ब्लू स्टार के जरिये भारत में आतंकवादियों का खात्मा करने की कार्रवाई की गई। इसके बाद आतंकवादियों ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या करके बदला लिया था। आतंकवादियों के सरगना कनाडा और ब्रिटेन में बैठे थे। पिछले कुछ वर्षों से कथित खालिस्तानी आतंकवादी पुनः सक्रिय होने का दुस्साहस कर रहे हैं। भारत विरोधी प्रतिबंधित आतंकी संगठन बब्बर खालसा को फंडिंग करने के मामले में ब्रिटेन ने एक सिख व्यवसायी और उससे जुड़े संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया है। ब्रिटेन के ट्रेजरी विभाग ने कहा कि पंजाब वारियर्स स्पोर्ट्स इन्वेस्टमेंट फर्म से जुड़े गुरप्रीत सिंह रेहल पर भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने वाले संगठन बब्बर खालसा से जुड़े होने का आरोप है। इस कार्रवाई के तहत आरोपी सिख व्यवसायी और उसके समूह के साथ व्यापार, लेनदेन, फंडिंग आदि पर रोक होगी। इस व्यवसायी से जुड़े पूरे तंत्र को छिन्न-भिन्न करने के लिए लम्बी प्रक्रिया शुरू करने की जरूरत है। ब्रिटेन की कार्रवाई प्रशंसनीय है। ब्रिटेन में सिर्फ एक नहीं, बल्कि अनेक लोग परोक्ष रूप से आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। पाकिस्तान के अधिकतर तानाशाह और सेना के सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिवार वाले ब्रिटेन में रहते हैं। कानूनी प्रक्रिया पूरी करके ब्रिटेन की नागरिकता लेने वालों से ज्यादा अवैध रूप से रहने वाले हैं। फंडिंग करने वाले सिख व्यवसायी से आतंवादियों के बारे गहन पूछताछ करने पर भारत के खिलाफ आतंकी साजिश का खुलासा हो सकता है। पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादियों को विदेश से मदद मिलती है। आतंकवाद को धर्म और पंथ में विभाजित नहीं किया जा सकता है। खालिस्तानी आतंकवादियों को पाकिस्तान में पनाह मिलती रही है। ब्रिटेन और कनाडा को आतंकवादी अपने लिए सबसे सुरक्षित मानते रहे हैं। आतंकवादियों ने ब्रिटेन में भी कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है। 'जिस थाली में खाते हैं, उसी में छेद करते हैं' कहावत आतंकवादियों पर सटीक है। पाकिस्तान ने भारत में आतंक फैलाने के लिए आतंकियों के प्रशिक्षण केन्द्र खोले। विदेश से धन और हथियार लेकर आतंकवादियों को सेना की मदद से सीमा पार कराकर भारत में भेजा। अब आतंकवादी पाकिस्तान में ही धमाके कर रहे हैं। ब्रिटेन को अमेरिका तथा अन्य देशों की मदद से आतंकवाद के पूरे ताने-बाने को तार-तार करने का अभियान छेड़ना होगा। भारत इसमें हरसंभव मदद करेगा।

# क्रिसमस श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



असेंबली ऑफ बिलीवर्स चर्च द्वारा प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव क्रिसमस पर्व का आयोजन बड़े ही श्रद्धा, अनुशासन और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चर्च सदस्य, बच्चे, युवा एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक प्रार्थना एवं स्तुति-आराधना से हुई। इसके पश्चात बच्चों, युवाओं और चर्च एल्डरस द्वारा क्रिसमस कैरल गीत, नाट्य प्रस्तुति (क्रिसमस प्ले) तथा विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रभु यीशु के जन्म की घटना, उनके प्रेम, करुणा और मानवता के लिए दिए गए संदेश को प्रभावशाली रूप से दर्शाया गया।

इस अवसर पर चर्च के पास्टर राजीव सक्सेना ने बताया कि प्रभु यीशु मसीह उद्धारकर्ता के रूप में इस ज़मीन पर समस्त मानव जाति के लिए आए एवं मुख्य वक्ता मुरादाबाद से आए पास्टर रवि सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि क्रिसमस केवल एक पर्व नहीं बल्कि मानवता को प्रेम, शांति, क्षमा और सेवा का संदेश देने का अवसर है। उन्होंने प्रभु यीशु के जीवन से सीख लेते हुए समाज में आपसी भाईचारे, सद्भाव और सेवा भावना को अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान देश, समाज और विश्व में शांति के लिए विशेष प्रार्थना की गई। साथ ही समाजसेवा, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक जीवनशैली के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की और इसे प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के समापन पर सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएँ दी गई तथा आपसी मेल-मिलाप के साथ कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सांता क्लास द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरण किए गए। असेंबली ऑफ बिलीवर्स चर्च द्वारा आयोजित यह क्रिसमस सेलिब्रेशन सामाजिक सद्भाव, प्रेम और शांति का संदेश देने में सफल रहा। कार्यक्रम में आशुतोष जोसेफ, संजय पॉल, पा0 हैप्पी विलियम, पा0 विक्की लाल, पा0 इयन आईवन, संजय सिंह, विपिन राव, आशीष, गेब्रियल, अंकुर मसीह, विवियन, विशु, प्रीतो, देवेंद्र धामी, सामर्थ एवं डॉक्टर गोपालिया आदि मौजूद रहे। महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें- क्रिस्टीना, अनुग्रह जोसेफ, अमिता विलियम, शिखा, गीतिका सिंह आदि मौजूद रहीं।

## वन्यजीवों की तस्करी के आरोपी सुंदर सिंह की जमानत अर्जी को अदालत ने किया खारिज

**नैनीताल ।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल की न्यायालय से वन्यजीवों की तस्करी के आरोपी सुंदर सिंह की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया गया। अभियोजन की ओर से न्यायालय को बताया गया कि बीती 6 दिसंबर को एसटीएफ कुमाऊ रेंज के एसआई विपिन चन्द्र जोशी की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया। कहा कि उस रोज वह एसटीएफ टीम समेत वन विभाग तराई केंद्र वन प्रभाग रूद्रपुर की एसओजी टीम के प्रभारी कैलाश चन्द्र तिवारी एवं अन्य के साथ खनस्यू क्षेत्र पहुंचे। लगभग ढाई बजे छेड़ाखान नर्सरी के समीप टीम ने जंगल में दो व्यक्ति दिखे। टीम को देखने पर वह छुपने का प्रयास करने लगे। जंगल की ओर जाने पर टीम पर फ ायर करते हुए भागने लगे। फायर से कांस्टेबल भूपेन्द्र मर्तोलिया व क्षेत्र का व्यक्ति घायल हुए। दोनों घायलों को त्वरित हल्द्वानी अस्पताल ले जाया गया। इधर टीम ने पीछा करते हुए 4.50 बजे सुंदर सिंह रेकुड़ी निवासी गोल डांडा थाना रीठा साहिब चंपावत को गिरफ्तार कर लिया।

# आदर्श महिला प्रेरक समूह के अंतर्गत सुनीता एवं रेखा आर्य ने बाजी मारी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत सामूहिक सहभागिता को ध्यान में रखते हुए ब्लाक संसाधन केंद्र धौलाखेड़ा में ब्लॉक स्तरीय सपनों की उड़ान कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का प्रारंभ करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी तारा सिंह द्वारा बच्चों को एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं हमारे छात्रों के लिए बेहद जरूरी है प्रतियोगिताओं से बच्चों में छुपा टैलेंट बाहर निकाला जा सकता है और बच्चो में उसके अंदर छुपी हुई प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है, खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करना उतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना कि किसी भी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना, विद्यालय स्तर पर संकुल स्तर पर और ब्लॉक स्तर पर अधिक से अधिक छात्र-



छात्राओं को प्रतियोगिताओं में प्रत्येक विद्यालय के शिक्षक अनिवार्य रूप से प्रतिभाग कराये ताकि छात्रों में अंतर निहित क्षमताओं को पहचानने के साथ ही छात्र-छात्राओं को एक उचित दिशा निर्देशन प्राप्त हो सकेगा और छात्र अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। आज की प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं की साथी उनकी माताएं भी उपस्थित रही व उनके द्वारा बच्चों के साथ प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का संचालन डिकर सिह पडियार एवं मीनाक्षी विनवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप मे डिकर सिंह पडियार, राहुल आगरी, मीनाक्षी बिनवाल, कमलेश सुयाल,हिमाँशु रौतेला, भुवन गुणवंत, पूर्णिमा कांडपाल, कुसुम लता मुरारी, रश्मि डालाकोटी, उमा कार्की, सरस्वती आर्या, प्रकाश चंद्र, अशीष बिष्ट, वीना पडलिया, पूर्णिमा टम्टा, सपना महतोलिया, दीपाली पांडे ,ओम प्रकाश उपस्थित रहे। उपरोक्त सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राये व अभिभावक 24 दिसंबर, 2025 को एम0बी0 इंटर कॉलेज हल्द्वानी में जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

# फिल्मी दुनिया

## 'धुरंधर' में अक्षय खन्ना के फैन हुए रामगोपाल वर्मा



*रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना स्टारर 'धुरंधर' लगातार प्रशंसा बटोर रही है। फिल्म को दर्शकों से लेकर सिनेमा जगत के कई दिग्गज तक सराह रहे हैं। इसी क्रम में खुदरंग निर्देशक रामगोपाल वर्मा ने भी कुछ दिन पहले 'धुरंधर' की जमकर तारीफ की थी। लेकिन ऐसा लगता है कि रामगोपाल वर्मा अभी 'धुरंधर' की तारीफ करने से थके नहीं हैं। अब उन्होंने एक बार फिर 'धुरंधर' को लेकर एक्स पर पोस्ट की है। इस बार उन्होंने अभिनेता अक्षय खन्ना की जमकर तारीफ की है। निर्माता-निर्देशक रामगोपाल वर्मा ने एक बार फिर 'धुरंधर' की तारीफ की है। इस बार उन्होंने अभिनेता अक्षय खन्ना के फिल्म में अभिनय की जमकर सराहना की है। रामू ने इसको लेकर एक्स पर एक पोस्ट किया। अपनी इस पोस्ट में रामगोपाल वर्मा ने लिखा, 'आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' के हर शॉट में अक्षय खन्ना ऐसे दिखते हैं मानो वो असल जिंदगी से बाहर निकल रहे हों। जबकि ज्यादातर अभिनेता मेकअप वैन से निकले हुए लगते हैं।' कई दिग्गजों के अक्षय खन्ना की तारीफ करने के बाद अब रामगोपाल वर्मा भी अक्षय खन्ना के अभिनय के फैन हो गए हैं। ये पहली बार नहीं है जब रामगोपाल वर्मा ने 'धुरंधर' की तारीफ की हो या फिल्म के लिए कुछ लिखा हो। इससे पहले भी रामगोपाल वर्मा ने 'धुरंधर' की तारीफ करते हुए एक लंबा सा पोस्ट एक्स पर साझा किया था। इसमें रामू ने 'धुरंधर' को भारतीय सिनेमा में बदलाव लाने वाली एक फिल्म बताया था, जो भारत में सिनेमा के एक नई भविष्य की शुरुआत करती है। रामू ने कहा था कि 'धुरंधर' के जरिए आदित्य धर ने अकेले ही भारतीय सिनेमा का भविष्य बदल दिया। चाहें वो बॉलीवुड या दक्षिण।*

### किरदार में नजर आए हैं अक्षय

*आदित्य धर द्वारा निर्देशित इस स्पाई-थ्रिलर में अक्षय खन्ना ने बलूच नेता और अंडरवर्ल्ड डॉन रहमान डकैत का किरदार निभाया है। असल जिंदगी से प्रेरित इस किरदार में अक्षय खन्ना ने शानदार काम किया है। उनके अभिनय की तारीफ सिनेमा के कई दिग्गजों ने की है। अब रामगोपाल वर्मा का भी नाम उन दिग्गजों में शामिल हो गया है।*

# बीएलएम एकेडमी ने बीरशिबा स्कूल को 3- 0 से शिकस्त देकर विजेता का खिताब जीता

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

बीएलएम एकेडमी में प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन की ओर से चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम दिन फाइनल मैच में बीएलएम एकेडमी ने बीरशिबा स्कूल को 3- 0 से शिकस्त देकर विजेता का खिताब जीता। समापन समारोह में प्रबन्धक साकेत अग्रवाल, निदेशक सौम्या अग्रवाल, प्रधानाचार्या डॉ. गायत्री कंवर ने विजेता और उप विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस क्रम में बीएलएम एकेडमी के रिपुजंय मठपाल को सर्वाधिक गोल करने पर गोल्डन बूट, मृदुल जोशी को बेस्ट गोलकीपर के लिए गोल्डन ग्लब्ज और दिव्यांशु कांडपाल को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए गोल्डन बॉल अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिवालिक स्कूल के सक्षम रावत को ईमर्जिंग प्लेयर दिया गया। इंस्प्रेशसन स्कूल को फेयर प्ले अवार्ड दिया गया। निर्णायक मंडल में गोपाल सिंह नेगी, सागर रावत ,आनंद देव ,अमित वैद, राहुल सरकार, प्रिंस बिष्ट, दिव्यांशु दर्मवाल और कमल खाती को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति से खेल प्रभारी हर्ष गोयल, निश्चल जोशी, हेमंत जोशी, संजय सजवान, वंदना नेगी, रंजना बोरा , त्रिभुवन नित्वाल ,रोहित प्रसाद, अंकित चंदोला और भास्कर भट्ट ने सहयोग किया।



# DISTRICT ADMINISTRATION NAINITAL PRESENTS



**Shri Narendra Modi**
Prime Minister of India

**Shri Pushkar Singh Dhami**
Chief Minister of Uttarakhand

NAINITAL WINTER carnival 2025

**22nd-26th DECEMBER**
**FLATS, NAINITAL**



**Shri Satpal Maharaj**
Tourism Minister of Uttarakhand

**Shri Ajay Bhatt**
MP, Nainital-Udham Singh Nagar

**Smt. Rekha Arya**
Cabinet Minister Of Uttarakhand



**सरिता आर्या**
विधायक नैनीताल



**Shri Bansidhar Bhagat**
MLA Kaladhungi

**Diwan Singh Bisht**
MLA Ramnagar

**Shri Ram Singh Kaira**
MLA Bhimtal

**Shri Mohan Singh Bisht**
MLA Lalkuan

**Shri Sumit Hridyesh**
MLA Haldwani

**डॉ. सरस्वती खेतवाल**

## दिनाँक - 23 दिसम्बर, 2025

| समय | कार्यक्रम |
|---|---|
| 12-00 बजे से 03 बजे तक | **कार्निवाल झांकी**<br>डांठ तल्लीताल से प्रारम्भ होकर माल रोड से मुख्य मंच (फ्लैट्स, मल्लीताल) तक |
| 05 बजे से 07-30 बजे तक | **मुख्य मंच**<br>श्री गोबिन्द दिगारी-खुशी जोशी, नीरज मिश्रा एण्ड राकेश खनवाल की प्रस्तुति |
| 07-30 बजे से 08-30 बजे तक | **उत्तराखण्ड स्टार नाइट** - चारु सेमवाल की प्रस्तुति |
| 08-30 बजे से 10 बजे रात्री तक | **बॉलीवुड स्टार नाईट** - परमिश वर्मा की प्रस्तुति |

## दिनाँक - 24 दिसम्बर, 2025

| | |
|---|---|
| 06 बजे से 07 बजे तक | उत्तराखण्ड स्टार्स- इन्दर आर्या, गिरीश बर्गली, किशन महिपाल |
| 07 बजे से 10 बजे तक | **कहानीयों का कोना विद पंकज जीना**<br>**उत्तराखण्ड स्टार -पवनदीप राजन**<br>**बॉलीवुड स्टार - बी प्राक द्वारा प्रस्तुति** |

## दिनाँक - 25 दिसम्बर, 2025

| | |
|---|---|
| 04-00 बजे से 06-00 बजे तक | उत्तराखण्ड स्टार्स- फौजी ललित मोहन जोशी, दर्शन फर्स्वाण, स्वाति भट्ट, पुष्कर महर, |
| 07-00 बजे से 10-00 बजे तक | **हिमनाद बैण्ड की प्रस्तुति**<br>**टीम श्रेय खन्ना (अमेरिकाज़ गॉट टैलेंट)**<br>**पाण्डवाज बैण्ड** |

## शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु जनपद नैनीताल में प्रस्तावित कार्यक्रम

- **जनवरी में एस्ट्रो फोटोग्राफी इवेंट, पैराग्लाइडिंग इवेंट**
- **फरवरी में बर्ड वाचिंग इवेंट**
- **मार्च में फ्लॉवरिंग इवेंट**